Seventeenth Loksabha

an>

Title: Re. Setting up of a Solar Power Plant in Salempur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री रविन्दर कुशवाहा (सलेमपुर): सभापति महोदया, मेरे संसदीय निर्वाचन क्षेत्र सलेमपुर में आज भी हजारों एकड़ बंजर भूमि है । हम सभी जानते हैं कि बंजर भूमि का देशहित में प्रायः कोई उपयोग नहीं होता है, पर खाली पड़ी इस जमीन पर यदि हमारी सरकार द्वारा सोलर प्लांट लगा दिया जाय या सरकार किसी निजी क्षेत्र की कंपनी को सोलर प्लांट लगाने के लिए अधिकृत कर दे तो इस जमीन का ग्रीन एनर्जी के लिए बेहतरीन सदुपयोग हो सकता है तथा इसका लाभ पूर्वांचल के अन्य जिलों को भी मिलेगा । इससे एक बड़े क्षेत्र को बिजली आपूर्ति की जा सकती है । आपको अवगत कराना है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत लार ब्लॉक के महाल मंझरिया गांव में हजारों एकड़ भूमि है, जिस पर पिछले कई सालों से सोलर पावर प्लांट लगाने हेतु मैं प्रयासरत हूं । समय समय पर कई बार पत्र और सदन के माध्यम से मेरे द्वारा मांग भी की गई है, परंतु अभी तक कोई सकारात्मक परिणाम नही निकला । यहां सरकारी भूमि के अतिरिक्त स्थानीय किसान भाई भी अपनी भूमि सरकार को देने हेतु तैयार हैं ।

महोदय, इस भूमि पर सोलर प्लांट के लगने से स्थानीय युवाओं को रोजगार भी उपलब्ध होगा और इस क्षेत्र की बेरोजगार युवाओं की बेरोजगारी की समस्या भी दूर होगी ।

अतः मेरा सदन के माध्यम से केंद्र सरकार से अनुरोध है कि सलेमपुर के लार ब्लाक के महाल मंझरिया में एक केंद्रीय सहायता से सोलर बिजली उत्पादन का केंद्र स्थापित किया जाय जिससे, बिजली उत्पादन में वृद्धि और रोज़गार के अवसरों के सृजन हो सके ।

माननीय सभापति: श्री बी.एन. बचेगौडा – उपस्थित नहीं ।

श्री लालूभाई बी. पटेल जी ।